एग्निस स्कूल की प्रधानाचार्या सिस्टर शालिनी आदि मौजूद रहे। संवाद

अमर उजाला 1 Dec 2023

डॉ. प्रीति को मिला एसईआरबी मोबिलिटी अवार्ड

देहरादून। दून विवि के स्कूल ऑफ टेक्नोलॉजी की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. प्रीति मिश्रा को भारत सरकार से वर्ष 2023-2024 के लिए विज्ञान और इंजीनियरिंग अनुसंधान बोर्ड (एसईआरबी) मोबिलिटी अवार्ड विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय की ओर से मिला है। डॉ. प्रीति कंप्यूटर साइंस विभाग में सहायक प्रोफेसर हैं। दून विवि की कुलपति प्रोफेसर सुरेखा डंगवाल ने बताया कि डॉ. मिश्रा क्लाउड कंप्यूटिंग और सिक्योरिटी के क्षेत्र में उभरती वैज्ञानिक हैं। यह अवार्ड और ग्रांट पाने वाली उत्तराखंड की पहली महिला शिक्षाविद् बन गई हैं। अब वह शोध के लिए साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ प्रोफेसर मौरो कोंटी के साथ इटली के पडुआ विश्वविद्यालय जाएंगी। मा.सि.रि.